प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी नगर निगम भिलाई में आयोजित होगा विश्वकर्मा पूजा समारोह

भिलाई नगर/ प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी विश्वकर्मा पूजा समारोह नगर पालिक निगम भिलाई के वाहन शाखा में धूमधाम से मनाया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारी वाहन शाखा के अधिकारी कर रहे हैं वहीं जोन क्षेत्रों तथा अन्य विभागों में भी विश्वकर्मा पूजा का आयोजन होगा परंतु प्रमुख रूप से वाहन शाखा में विश्वकर्मा पूजा समारोह रखा गया है। पूजा का समय कोसा नगर शहरी गौठान के सामने वाहन शाखा में प्रातः 10:30 से 12:00 तक का रखा गया है। इसके अलावा महाभोग प्रसाद का वितरण का समय 12:30 बजे से शाम 4:00 बजे तक का होगा। वाहनों तथा औजारों की धुलाई की जा रही है। श्रम के देवता भगवान श्री विश्वकर्मा जी के पूजा का आयोजन की तैयारियां निगम के अधिकारी कर रहे हैं।